मौसम

तापमान	नई दिल्ली	
अधिकतम-36.8 डि.से.		सूर्योदय- 6:06
न्यूनतम- 26.9 डि.से.		सूर्यास्त- 18:28

लगभग सभी लाइनों के चलने से मिली राहत

धीरे धीरे पटरी पर लौट आई मेट्रो

फोटो : अरुष चोपड़ा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट लाइन चालू होने के साथ ही सभी लाइनों की सेवाओं को पूरे दिन के लिए चालू कर दिया गया। यानी अब मेट्रो की सभी लाइनों पर सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक सभी लाइनों पर चलने लगीं। एयरपोर्ट लाइन पर ऑटो की प्री पेड सेवा शुरू की गई है लेकिन तमाम दूसरी लाइनों पर फीडर सेवाएं नहीं होने से यात्री परेशान हो रहे हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल की एयरपोर्ट लाइन की सेवा आज करीब छठे महीने में शुरू होने से साथ ही सभी लाइनों की सेवाएं लाकडाउन के पहले वाले समय के हिसाब से चलने लगी हैं। इसके साथ ही एयरपोर्ट लाइन के शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर ऑटो का प्रीपेड बूथ शुरू किया गया है। दिल्ली मेट्रो ने दिल्ली यातायात पुलिस के साथ मिलकर यह सेवाएं शुरू की है। यात्री इससे मेट्रो स्टेशन से आगे के गंतव्य तक जा सकते हैं। वहीं यहां आने में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। यहां डिजिटल भुगतान की वरीयता है। वहीं एयरपोर्ट मेट्रो लाइन की सेवाओं की स्मार्ट कार्ड सहित क्यूआर कोड से भी किराया चुकाया जा सकता है।

इसके साथ ही दूसरी लाइनों की सेवाएं पूरे दिन के लिए बहाल हो गई हैं। दिन भर कम समयांतराल पर गाड़ियां चलने से यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली। सुबह व्यस्ततम समय में राजीव चौक, वैशाली सहित कई स्टेशनों पर यात्रियों को लाइन लगानी पड़ी। एयरपोर्ट लाइन पर अपेक्षाकृत कम यात्री आए।

वैशाली मेट्रो स्टेशन पर नकद से कार्ड रीचार्ज कराने वाले यात्री होते रहे परेशान। यहां तैनात कर्मी ने बताया कि अधिकांश यात्री अभी कार्ड का रीचार्ज करने के लिए नकदी ही देने की पेशकश कर रहे हैं लेकिन इसकी इजाजत नहीं है।

सफर करने वालों की संख्या डेढ़ लाख के पार पहुंची

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

मेट्रो की सभी लाइने चालू होने व दिन भर चलने से यात्री की संख्या डेढ़ लाख के पार पहुंची। शनिवार शाम साढ़े सात बजे तक 1,52,845 यात्रियों ने मेट्रो में सफर किया। वहीं टोकन बंद होने से स्मार्ट कार्ड की बिक्री बढ़ी। शनिवार को 468 नए स्मार्ट कार्ड बिके। इसके साथ ही मेट्रो के लगभग सभी 28 इंटरचेंज भी चालू हो गए हैं। दिल्ली-एनसीआर के लोगों को व्यापक संपर्क प्रदान करने वाले इंटरचेंज स्टेशन से बड़ी सहूलियत है। कोरोना काल में दिल्ली मेट्रो रेल की सभी सेवाएं पूर्ववत बहाल होने से शनिवार को यात्रियों की संख्या में और इजाफा दिखा।

114 पर लगा जुर्माना

डीएमआरसी ने शनिवार को लगभग 200 यात्रियों को फेस मास्क ठीक से नहीं पहनने पर परामर्श दिया। इसके अलावा, 114 यात्रियों पर नियमों का उल्लंघन करने के लिए दो-दो सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया। इनमें से सभी ने सामाजिक दूरी के मानदंडों का उल्लंघन किया था या गाड़ियों के अंदर फेस मास्क कवर नहीं पहना था। यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन पर फ्लाइंग स्क्वायड ने कई यात्रियों को इसके लिए जुर्माना किया तो वहीं कई यात्रियों की काउंसलिंग की गई।

यात्रियों पर एक नजर...

- लाइन -1 यात्रियों की संख्या -19904
- लाइन -2 यात्रियों की संख्या- 44949
- लाइन -3 यात्रियों की संख्या- 42177
- लाइन -4 यात्रियों की संख्या- 4846
- लाइन -5 यात्रियों की संख्या- 7197
- लाइन -6 यात्रियों की संख्या -14689
- लाइन -7 यात्रियों की संख्या -8135
- लाइन -8 यात्रियों की संख्या -8049
- लाइन -9 यात्रियों की संख्या -631
- एयरपोर्ट लाइन यात्रियों की संख्या- 2268

'आप' नेता के काफिले पर गोली चलाने के आरोपी को राहत नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक नरेश यादव के काफिले पर इस साल फरवरी में गोली चलाने के आरोपी की जमानत याचिका रद्द कर दी है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में हुई इस गोलीबारी में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संजय खानगवाल ने आरोपी धर्मवीर उर्फ कालू को जमानत देने से इनकार कर दिया।

अदालत ने पाया कि मामले में घायल एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है जिसमें आरोपी पर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, आरोपी ने इसी मामले में सह अभियुक्त और भाई सोमराज उर्फ धामी को मिली जमानत को अधार बना याचिका दायर की थी। साथ ही उसने प्राथमिकी में कथित तौर पर विसंगति होने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकील विजय अग्रवाल ने जमानत याचिका का विरोध किया और दावा किया कि इसमें गलत और भ्रमित करने वाली सूचनाएं दी गई हैं कई तथ्यों को छिपाया गया है। यह पूरी तरह से आधारहीन है। उन्होंने कई और बातें कोर्ट के सामने रखीं।

पुलिस के मुताबिक आरोपी ने विधायक के काफिले में शामिल 'आप' कार्यकर्ता 45 साल अशोक मान को कुछ महीने पहले गोली मार दी गई थी। इस हादसे में मृतक मान के रिश्तेदार हरेंदर घायल हुए थे।

शाहदरा में लगेगा प्लाज्मा दान शिविर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

शनिवार को दिल्ली प्रदेश प्लाज़्मा दान जागरूकता अभियान संबंधी एक बैठक हुई। इसमें डॉ अनिल गोयल ने कहा कि कोरोना महामारी से जीतकर वापस लौटे लोग वास्तव में कोरोना विजेता हैं।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर ऐसे कोरोना विजेताओं का सम्मान किया जाएगा और उन्हें प्लाज़्मा दान के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों से उनके मंडलों के आधार पर कोरोना से ठीक होकर लौटने वाले विजेताओं की सूची प्राप्त की। शाहदरा में 14 सितंबर को कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री सिद्धार्थन करेंगे। कैंप कृष्णा नगर स्थित गोयल नर्सिंग होम में लगेगा। यहां 100 लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

दिल्ली दंगा : फेसबुक अधिकारियों को विधानसभा समिति के सामने पेश होने का समन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

दिल्ली में हुए दंगा मामले में विधानसभा की शांति एवं सद्भाव समिति ने फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत मोहन को समन किया। समिति ने घृणा फैलाने वाले भाषण नियमों को लागू करने में जानबूझ कर निष्क्रियता बरतने के आरोप यह समन भेजा है। जिससे कथित तौर पर दिल्ली में शांति भंग हुई थी।

समिति अध्यक्ष राघव चड्ढा ने बताया कि समिति ने फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत मोहन को 15 सितंबर को समिति के सामने उपस्थित होने के लिए नोटिस दिया है, ताकि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों की जांच की जा सके। फेसबुक इंडिया के उपरोक्त गवाह व प्रतिनिधि को प्रमुख गवाहों के दिए गए तीखे बयानों के साथ-साथ उनकी तरफ प्रस्तुत की गई सामग्री व रिकॉर्ड में दोषी ठहराए जाने के आधार पर समन जारी किया गया।

> *फेसबुक* इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत मोहन को 15 सितंबर को समिति के सामने उपस्थित होना है

गवाहों की तरफ से प्रस्तुत किए गए मजबूत साक्ष्य के संबंध में समिति का मानना है कि फेसबुक को दिल्ली दंगों की जांच में सह-अभियुक्त के रूप में आरोपित किया जाना चाहिए। समिति ने अध्यक्ष राघव चड्ढा के माध्यम से अब तक चार अत्यंत महत्त्वपूर्ण गवाहों की जांच की है। इनमें प्रख्यात पत्रकार और लेखक परांजॉय गुहा ठाकुर्ता, डिजिटल अधिकार कार्यकर्ता निखिल पाहवा, वरिष्ठ पत्रकार अवधेश तिवारी, प्रख्यात स्वतंत्र और खोजी पत्रकार कुणाल पुरोहित शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि 31 अगस्त 2020 को छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार अवधेश तिवारी ने सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी फेसबुक के अधिकारी अंखी दास पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। गवाह की तरफ से ब्लैक लाइव्स मैटर मूवमेंट के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देश में फेसबुक नीतियों के चयनात्मक कार्यान्वयन की प्रक्रिया पर समिति का ध्यान आकर्षित किया था, जबकि भारत में इसकी अनदेखी की गई थी।

कांग्रेस पार्षद पर हुआ जानलेवा हमला, 'आप' नेताओं पर लगे आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

दिल्ली छावनी बोर्ड से कांग्रेस पार्षद और पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप तंवर पर शनिवार को हमला किया गया। इस हादसे में संदीप तंवर बुरी तरह घायल हो गए, उनके सिर में टांके लगे हैं। साथ ही आंखों में भी चोट पहुंची है। उनका कहना है कि वह घटना के वक्त अपने दफ्तर जा रहे थे। इसी दौरान उन पर हमला किया गया। उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर आरोप लगाते हुए इस संबंध में नरायणा थाना पुलिस को शिकायत दे दी है। उपचार के बाद शाम को वह घर आ गए थे।

संदीप तंवर ने कहा कि उनके क्षेत्र में रह रहे हरिजन समाज के सुनील पासवान नामक व्यक्ति का दो दिन पहले आम आदमी पार्टी के लोगों ने झुग्गी से समान निकाल कर फेंक दिया था और झुग्गी गिरा दी थी। संदीप तंवर ने इसकी पुलिस में शिकायत की तो आम आदमी पार्टी के लोगों ने इन पर जानलेवा हमला करते हुए बेरहमी से पिटाई की और गाली गलौज भी की। उन्होंने इस संबध में सुशील कुमार, सचिव राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को भी शिकायत लिखी है, ताकि उनके उपर हमले की जांच हो और आम आदमी पार्टी के नेताओं की गुंडागर्दी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

वहीं, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कांग्रेस पार्षद संदीप तंवर पर हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने उपराज्यपाल अनिल बैजल और पुलिस आयुक्त एसएस श्रीवास्तव से अपील की कि वे आप पार्टी के गुंडों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। चौधरी ने कहा कि केवल एक गरीब अनुसूचित जाति के व्यक्ति की झुग्गी को तोड़ा है। बल्कि उपायुक्त अधिकारियों के साथ एक निर्वाचित प्रतिनिधि जो लोगों की आवाज उठा रहे है उनके साथ भी गलत व्यवहार और मारपीट कर रहे है।

मच्छर जनित बीमारियों को लेकर मुख्यमंत्री के प्रयास को सराहा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

दिल्ली सरकार के अस्पतालों के डॉक्टरों ने 10 हफ्ते, 10 बजे, 10 मिनट डेंगू विरोधी अभियान के दूसरे सप्ताह में सरकार के साथ-साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रयासों की सराहना की है।

उन्होंने डेंगू को रोकने के लिए 10 सप्ताह तक चलने वाले डेंगू जन जागरूकता अभियान में लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने घरों या अपने आसपास स्थिर साफ पानी का निरीक्षण करें, जहां डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का प्रजनन की संभावना है।

विधानसभा में भी भाजपा उठाएगी रेलवे लाइन पर झुग्गी का मुद्दा

नई दिल्ली, 12 सितंबर। दिल्ली में रेलवे जमीन पर बसी झुग्गी बस्तियों का मुद्दा सोमवार को शुरू होने वाले एक दिवसीय विधानसभा में भी जोरशोर से उठाने की तैयारी चल रही है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा रेलवे जमीन पर बसी 48 हजार झुग्गियों के मामले को विधानसभा में उठाएगी। भाजपा ने इस एक दिवसीय मानसून सत्र को बढ़ाकर पांच दिन का करने की मांग की।

बिधूड़ी ने कहा कि झुग्गी वालों के लिए करीब 50,000 मकान बनकर तैयार हैं। भाजपा इन झुग्गी वासियों को इन्हीं मकानों में बसायेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार कोरोना से निपटने में बुरी तरह विफल हुई है। आयुष्मान भारत योजना को भी दिल्ली में नहीं लागू किया। इसके अतिरिक्त सत्र में भारी भरकम बिजली के बिल और पेयजल आपूर्ति दिक्कतों को उठाया जाएगा। (जसं)

SBI भारतीय स्टेट बैंक
तनावग्रस्त आस्ति रिकवरी शाखा, रिटेल
प्रथम तल, 23, नजफगढ़ रोड़, नई दिल्ली-110015,
फोन: 25419177, 25412977 ई-मेल: sbi.05169@sbi.co.in

शुद्धि-पत्र

दिनांक 12.09.2020 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन ई-नीलामी बिक्री सूचना के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि कर्जदार : **मैसर्स UBC-KIPL-GIL-JV (क्र.सं.1) और श्री चंदर प्रकाश (क्र.सं. 2)** की सम्पत्तियों की ई-नीलामी दिनांक 14.10.2020 को होनी है, के कब्जे की स्थिति भौतिक कब्जे के स्थान पर **सांकेतिक कब्जा** पढ़ा जाए। शेष पूर्वानुसार रहेंगी।

दिनांक 12.09.2020, स्थान : नई दिल्ली
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

अब डीटीसी बसों में भी मोबाइल टिकट से कर सकेंगे सफर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

क्लस्टर बस सेवा में मोबाइल ऐप शुरू करने के बाद अब दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) में भी मोबाइल टिकट की व्यवस्था लागू होगी। इसके लिए डीटीसी ने तैयारियां शुरू कर दी है। कोरोना काल में राहत के लिए परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के आदेश के बाद इस व्यवस्था का परीक्षण शुरू किया गया है। यह परीक्षण 14 से 21 सितंबर तक चलेगा।

इस परीक्षण के लिए रूट नंबर 534 आनंद विहार से महरौली बस सेवा रूट का चयन किया गया है। यह 29 बसों पर होगा। यह व्यवस्था लागू होती है तो इससे परिचालक व सवारी के बीच होने वाले संपर्क को कम करने में मदद मिलेगी और कोरोना संक्रमण से बचा जा सकेगा। इसके लिए एक टास्क फोर्स भी बनाई गई थी। इस टास्क फोर्स की सिफारिश पर ही यह सेवा शुरू की गई है।

इस व्यवस्था को लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया जा सके इसके लिए बसों में क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई और इनके पोस्टर बसों में लगाए गए हैं। इस पोस्टर के माध्यम से सुविधा के बारे में समझ सकते हैं। इस ऐप में गुलाबी टिकट की जगह फ्री पास की व्यवस्था रहेगी।

उच्च, तकनीकी और कौशल शिक्षा मेरा प्रमुख एजंडा : सिसोदिया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

विवेकानंद कॉलेज के 50वें वार्षिक समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल दिल्ली के उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि बतौर शिक्षा मंत्री इस बार उच्च, तकनीकी और कौशल शिक्षा मेरा प्रमुख एजंडा है। उन्होंने कॉलेज के 50 साल पूरे होने पर बधाई दी। सिसोदिया ने कहा कि पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में 50 साल पहले एक महिला कॉलेज शुरू करना और इतनी लंबी अवधि तक सफलतापूर्वक चलाना बेहद साहसिक प्रयोग है।

नाराज किसान संसद घेरने की तैयारी में

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 सितंबर।

किसानों पर हुए हमलों और मौजूदा नई कृषि नीति के खिलाफ एक बार फिर देश भर के किसान दिल्ली को घेरने की तैयारी में हैं। दरअसल, सौ से ज्यादा किसानों के संगठन अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति (एआईकेएससीसी) कोरोना महामारी के बीच किसानों के दमन के खिलाफ उग्र हो गई है। समिति ने कहा है कि इसे लेकर देशव्यापी सभाओं का दौर जारी है।

14 सितंबर को संसद पर प्रदर्शन का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। इसके लिए अलग-अलग खेमों में किसान दिल्ली के लिए कूच कर रहे हैं। ताकि कृषि अध्यादेशों को वापस कराया जा सके।

समिति के नेताओं ने कहा- केंद्र सरकार कोरोना को बहाना बनाकर अपने किसान विरोधी, कॉरपोरेट पक्षधर निर्णयों पर किसानों के विरोध को रोकने का प्रयास कर रही है। अब तक इसने किसान विरोधी तीन अध्यादेश और नया बिजली बिल पेश किया है। यह सरकार का गलत कदम है।

समिति के वर्किंग ग्रुप ने किसानों का देशव्यापी अनिश्चित संघर्ष शुरू किया था। हरियाणा की खट्टर सरकार ने सख्ती कर किसानों पर बल प्रयोग किया। देशव्यापी सलाह-मशविरा करने के बाद समिति ने सरकार को चेतावनी दी है कि या तो वह इन सभी किसान विरोधी कदमों को वापस ले या किसानों के गुस्से का सामना करे। हरियाणा की भाजपा सरकार ने पीपली, कुरुक्षेत्र व सात केंद्रों पर किसान नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की थी, जिससे किसान वर्ग खासा नाराज है।

किसान नेताओं ने बताया कि तीनों अध्यादेश संसद के इस सत्र में कानून में बदले जाएंगे। इस बीच समिति ने सभी सांसदों व पार्टियों को लिखकर निवेदन किया है कि वे इन किसान विरोधी कदमों को वापस कराएं।

Indiabulls REAL ESTATE

Indiabulls Real Estate Limited
Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the period ended June 30, 2020

(₹ in Lakhs)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 30.06.20 (Unaudited)	Year ended 31.03.20 (Audited)	Quarter ended 30.06.19 (Unaudited)
1	Total Income from Operations	9,503.72	3,44,063.56	86,933.71
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate, Exceptional and/or Extraordinary items)	(9,097.87)	45,856.55	12,103.09
3	Net Profit / (Loss) for the period before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(9,097.87)	45,856.55	12,103.09
4	Net Profit / (Loss) for the period after Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(9,456.48)	12,069.23	(11,936.58)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(6,801.35)	(32,234.95)	(22,558.54)
6	Equity Share Capital	9,093.28	9,093.28	9,093.28
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year		3,47,806.98	
8	Earnings per Share (EPS) before extraordinary items *(EPS for the quarters are not annualised)			
	- Basic (Amount in ₹)	(2.08)	2.67	(2.64)
	- Diluted (Amount in ₹)	(2.08)	2.67	(2.64)
	Earnings per Share (EPS) after extraordinary items *(EPS for the quarters are not annualised)			
	- Basic (Amount in ₹)	(2.08)	2.67	(2.64)
	- Diluted (Amount in ₹)	(2.08)	2.67	(2.64)

Notes : 1. The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 12 September 2020.
2. **Key Standalone Financial Information:** (₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter ended 30.06.20 (Unaudited)	Year ended 31.03.20 (Audited)	Quarter ended 30.06.19 (Unaudited)
Total Income	1,284.38	63,501.60	8,848.56
(Loss) / Profit before Tax	(7,239.01)	(5,053.23)	(4,322.33)
Net (Loss) / Profit after Tax	(7,228.92)	(8,535.62)	(5,608.83)

3. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Company's website (https://indiabullsrealestate.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office: M-62&63, First Floor, Connaught Place, New Delhi 110 001.
(CIN: L45101DL2006PLC148314)
Place : Mumbai
Date : 12 September 2020

FOR AND ON BEHALF OF BOARD OF DIRECTORS
Vishal Damani
Joint Managing Director